प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 03.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने होली की पूर्व संध्या पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं, राज्यभर में होली को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, रांची समेत कई जिलों में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च।
- अग्निवीर के लिए झारखंड के सभी जिलों से द्वितीय चरण में चयनित महिला अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा 17 और पुरुष अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली 18 मार्च को।
- टाटा समूह के संस्थापक जेएन टाटा की जयंती पर जमशेदपुर में दी गई श्रद्धांजलि, टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरण ने कहा– कई परियोजनाएं शुरू करने की है तैयारी।
- साइबर ठगी के 11 आरोपियों को देवघर जिले की पुलिस ने किया गिरफ्तार, एक लाख रुपए नगद समेत 11 मोबाइल और 12 सिम कार्ड बरामद।
- सरायकेला और पश्चिमी सिंहभूम का अधिकतम तापमान छत्तीस डिग्री सेल्सियस से हुआ पार, तीन दिन बाद राज्य के सभी जिलों में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की होगी बढ़ोत्तरी।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने होली की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि होली आनंद और उत्सव का त्यौहार है और यह सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह त्यौहार समाज में प्रेम और आशा का प्रसार करता है तथा सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने होली को विविधता में एकता का प्रतीक बताया।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज कई जगहों पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ के आवास पर नमो श्रीअन्न होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, रांची की मेयर रोशनी खलखो समेत कई भाजपा नेता शामिल हुए। इस मौके पर मंत्री संजय सेठ ने कहा कि होली प्रेम और उमंग का त्योहार है।

इधर, रांची के चैंबर भवन में झारखंड चैंबर की ओर से फूलों की होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में होली को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसे लेकर आज राजधानी रांची, हजारीबाग, पलामू समेत कई शहरों में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। राची के सिटी एसपी पारस राणा के साथ कई थानों की पुलिस ने मेन रोड में फ्लैग मार्च निकाला। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने आम जनता से होली शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की है।

इधर हजारीबाग में एसपी अंजनी अंजन के निर्देशन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

उधर धनबाद में होली को लेकर पुलिस लाइन परिसर में विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षु आईपीएस अफसर अंकित सिन्हा ने बताया कि सोशल मीडिया पर भी पुलिस की विशेष नजर रहेगी।

इधर, गढ़वा के पुलिस केंद्र स्थित परेड ग्राउंड में मॉक ड्रिल का आयोजन कर लोगों से भाईचारगी के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई।

****

दुमका जिले में जहां एक ओर होली मनायी जा रही है, वहीं संताल आदिवासी समाज में तीन दिनों का त्योहार बाहा पोरोब मनाया जा रहा है। बाहा सादे पानी से खेली जाती है। बाहा का अर्थ होता है फूल।

****

अग्निवीर के लिए झारखंड के सभी जिलों से द्वितीय चरण में चयनित महिला अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा 17 मार्च और पुरुष अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली 18 मार्च को आयोजित की जायेगी। यह भर्ती रैली बिहार के गयाजी स्थित मगध विश्वविद्यालय मैदान में होगी। आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस, रांची द्वारा जारी सूचना में सभी अभ्यर्थियों को एक दिन पहले रिपोर्ट करने को कहा गया है।

****

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच, एयर इंडिया की पहली उड़ान आज दुबई से नई दिल्ली पहुंची। एयर इंडिया ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि इस उड़ान में 149 यात्री और 8 क्रू सदस्य सवार थे। एयर इंडिया ने केंद्र सरकार, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और दुबई के स्थानीय अधिकारियों को उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

****

टाटा समूह के संस्थापक जेएन टाटा की जयंती पर आज जमशेदपुर में श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा अपने परिवार के सदस्यों के साथ कार्यक्रम में मौजूद रहे। वहीं, टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरण समेत टाटा समूह के कई वरिष्ठ अधिकारी भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। पत्रकारों से बातचीत करते हुए एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि नई नीतियों के साथ कई नए प्रोजेक्ट और प्लांट लगाए जा रहे हैं।

****

देवघर जिले की पुलिस ने साइबर ठगी के 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनके पास से पुलिस ने 11 मोबाइल फोन, 12 सिम कार्ड और लगभग एक लाख रुपया नकद बरामद किया है। छापेमारी दल में साइबर थाना के इंस्पेक्टर नागेन्द्र कुमार मंडल और एसआइ संतोष कुमार मंडल शामिल थे।

****

एसीबी धनबाद ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में सेवानिवृत्त जमादार को गिरफ्तार किया है। आरोपी 63 वर्षीय लालेश्वर सिंह को हीरापुर स्थित उसके आवासीय कॉलोनी से एसीबी ने गिरफ्तार किया। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लालेश्वर सिंह पर आय से करीब 15 करोड़ रूपये की अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

****

आज विश्व वन्यजीव दिवस है। पृथ्वी पर सभी को एक समान रूप से जीवनयापन करने का अधिकार है। एक रिपोर्ट –

****

राज्यभर में मौसम शुष्क बना हुआ है। पश्चिमी सिंहभूम का अधिकतम तापमान 36 दशमलव चार डिग्री सेल्सियस जबकि सरायकेला का 36 दशमल दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मेदिनीनगर का तापमान 35 दशमलव चार डिग्री जबकि पूर्वी सिंहभूम का 35 दशमलव 3 और रांची का तापमान 29 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार कल रांची का अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस जबकि पश्चिमी सिंहभूम का तापमान 35 से 37 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

*******समाप्त********